भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1914

उत्तर देने की तारीख : 30.07.2026

आंध्र प्रदेश में एमएसएमई पार्क

1914. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 से अधिसूचित और संचालित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पार्कों की वर्ष-वार, राज्य-वार और आंध्र प्रदेश में, विशेषकर प्रकाशम जिले सहित जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) उद्यमों की श्रेणी (सूक्ष्म, लघु और मध्यम) को दर्शाते हुए वर्ष 2019 से ऐसे पार्कों के माध्यम से स्थापित और सहायता प्राप्त एमएसएमई इकाइयों की संख्या वर्ष-वार, राज्य-वार और आंध्र प्रदेश में जिला-वार कितनी है;

(ग) महिला उद्यमियों और महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से लक्षित केंद्र सरकार की योजनाओं और पहलों की सूची क्या है, साथ ही आंध्र प्रदेश में प्रदान की गई राजसहायता का ब्यौरा क्या है;

(घ) ऐसी पहलों के तहत उद्योग संघों और अन्य हितधारकों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की संख्या कितनी है, साथ ही आंध्र प्रदेश में जिला-वार प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वर्ष 2024 से ऐसी योजनाओं और पहलों के तहत सहायता प्राप्त महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई की संख्या राज्य-वार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेषकर प्रकाशम जिले सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है तथा प्रदान की गई सहायता की प्रकृति क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) और (ख) : सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) एक मांग संचालित केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है, जिसमें राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारें उनके संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मौजूदा क्लस्टर की सामान्य आवश्यकताओं के अनुसार अपने प्रस्ताव प्रेषित करते हैं। इस स्कीम का लक्ष्य क्लस्टर दृष्टिकोण को अपनाकर एमएसई के समग्र विकास के लिए उनकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। सरकार मौजूदा क्लस्टरों में सामान्य सुविधा केंद्रों की स्थापना, नए/मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों/संपदाओं/फ्लैटेड फैक्ट्री परिसरों के उन्नयम में अवसंरचनात्मक सुविधाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। वर्ष 2019 से एमएसई-सीडीपी के तहत आंध्र प्रदेश में अनुमोदित अवसंरचना विकास (आईडी) परियोजनाओं की वर्ष-वार, राज्य-वार और प्रकाशम जिला सहित जिला-वार संख्या तथा सहायता प्राप्त/भावी सहायता प्राप्त एमएसई की संख्या नीचे दी गई है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	जिला	अनुमोदन का वर्ष	परियोजना लागत	अनुमोदित भारत सरकार का अनुदान	स्थिति	सहायता प्राप्त/सहायता प्रदान की जाने वाली एमएसई की संख्या
				(लाख रुपए में)			
1.	औद्योगिक क्षेत्र का उन्नयन (ऑटोनगर), गुंटूर	गुंटूर	2021-22	691.97	416.75	पूर्ण किया गया है	1494/0

2.	मछलीपट्टनम, कृष्णा जिले में औद्योगिक संपदा (आभूषण) का उन्नयन	कृष्णा	2021-22	817.44	572.21	चल रहा है	237/21
3.	हिंदूपुर, अनंतपुरम जिले में विकास केंद्र का उन्नयन	अनंतपुरम	2021-22	715.06	443.71	चल रहा है	190/0
4.	तनुकु, जिला पश्चिम गोदावरी में औद्योगिक संपदा का उन्नयन	पश्चिमी गोदावरी	2023-24	1010	800	चल रहा है	83/0
5.	नेल्लिमरला, जिला विजयनगरम (आकांक्षी) में मौजूदा औद्योगिक संपदा का उन्नयन	विजयनगरम	2023-24	646.08	516.86	चल रहा है	85/0
6.	अतचूतापुरम, गुरजपालेम गांव, रामबिली मंडल, विशाखापत्तनम जिला, आंध्र प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स (एफएफसी) का विकास	विशाखापत्तनम	2023-24	1343.91	1032.56	चल रहा है	0/40 (आवंटन प्रक्रियाधीन है)
7.	पेद्दापुरम, भीमावरम गांव और सामलकोट मंडल, काकीनाडा जिले में एफएफसी	काकीनाडा	2023-24	1330	931	चल रहा है	26/0
8.	पगली (ब्लॉक-II) , पगली गांव, यर्पेडू मंडल, तिरुपति जिला में नया औद्योगिक क्षेत्र।	तिरुपति	2023-24	1030	721	चल रहा है	0/53 (आवंटन प्रक्रियाधीन है)
9.	गुट्टपाडु, ओर्वाकल मंडल, जिला - कुरनूल में नया औद्योगिक क्षेत्र	कुरनूल	2023-24	2140	1050	चल रहा है	9/60
10.	आईपी, पेडागंत्याडा, विशाखापत्तनम जिले में एफएफसी	विशाखापत्तनम	2023-24	757	529.9	चल रहा है	0/29 (आवंटन प्रक्रियाधीन है)

11.	5-वेंकटपुरम, चित्तूर मंडल और जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र	चित्तूर	2023-24	1430	1001	चल रहा है	43/0
12.	गोपावरम गांव और मंडल, वाईएसआर कडप्पा जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र	वाई.एस.आर. कडपा	2023-24	1525.49	1050	चल रहा है	58/0
13.	चांदालूर, दर्सी मंडल, प्रकाशम जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र	प्रकाशम	2023-24	1076.41	753.49	चल रहा है	0/56 (आवंटन प्रक्रियाधीन है)
14.	जगदुर्ति, जगदुर्ति गांव, धोने मंडल, नंदयाल जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र।	नंदयाल	2023-24	1045.99	732.19	चल रहा है	1/34
15.	वीरपनेनीगुडेम (v), गन्नवरम मंडल और कृष्णा जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र (चरण-III)	कृष्णा	2023-24	1470	1029	चल रहा है	68/15
16.	कलावाचरला (ग्रीनफील्ड), राजनगर मंडल, पूर्वी गोदावरी जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र	पूर्वी गोदावरी	2023-24	2065	1050	चल रहा है	390/0
17.	पीडिभीमावरम, रानास्तालम मंडल, श्रीकाकुलम जिले में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स (एफएफसी)	श्रीकाकुलम	2023-24	1460	1022	चल रहा है	26/0
18.	कप्पलाबांडा गांव, पुट्टापर्थी मंडल, श्री सत्य साईं जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र	श्री सत्य साईं	2023-24	1171.13	819.79	चल रहा है	3/29
19.	कोदूरु, अनकापल्लै जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र	अनकापल्लै	2023-24	2686	1050	चल रहा है	250/0
20.	नारमपेटा, नारमपेटा गांव, आत्मकुर मंडल, एस.पी.एस.आर. नेल्लोर जिला में नया औद्योगिक क्षेत्र	एस.पी.एस. आर. नेल्लोर	2023-24	2343	1050	चल रहा है	11/328

21.	थाटीगुंटापल्ली गांव, वाल्मीकिपुरम मंडल, अन्नामय्या जिला में नया औद्योगिक क्षेत्र	अन्नामय्या	2023-24	1592.53	1050	चल रहा है	79/0
22.	ऑटोनगर थ्रोवागुंटा, ओंगोल मंडल, प्रकाशम जिला, आंध्र प्रदेश में औद्योगिक संपदा का उन्नयन	प्रकाशम	2025-26	1095	600	चल रहा है	365/0
23.	ब्राह्मणपल्ले गांव, ओर्वाकल मंडल, कुरनूल जिला, आंध्र प्रदेश में नया औद्योगिक क्षेत्र	कुरनूल	2025-26	851.99	596.39	चल रहा है	0/53 (आवंटन प्रि याधीन है)
24.	यूडीएल 2, नागमंगलम गांव, पलामनेर मंडल, चित्तूर जिले में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स	चित्तूर	2025-26	1527	1050	चल रहा है	30/0
25.	ब्रह्मनापल्ली, ब्रह्मनापल्ली गांव, ओरवाकल मंडल, कुरनूल जिला, आंध्र प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स	कुरनूल	2025-26	1295.92	907.14	चल रहा है	0/15 (आवंटन प्रक्रियाधीन है)

(ग) से (ङ) : सरकार आंध्र प्रदेश और जिसके प्रकाशम जिला सहित पूरे देश में एमएसएमई के लिए क्रेडिट सहायता, प्रौद्योगिकी उन्नयन, कौशल विकास और बाजार लिंकेज हेतु कई स्कीमों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रही है। इनमें अन्य स्कीमों के साथ क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस), प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी) शामिल हैं।

प्रकाशम जिला सहित आंध्र प्रदेश राज्य में वर्ष 2024 से महिला उद्यमियों और महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई को प्रदान की गई सहायता (मंत्रालय की विभिन्न स्कीम-वार) नीचे दी गई है:

क. उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी):

- **ईएसडीपी स्कीम के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2025-26 तक आंध्र प्रदेश राज्य में महिला लाभार्थी**

क्र.सं.	वित्त वर्ष	लाभार्थियों की संख्या (महिला)
1.	2024-25	5775
2.	2025-26	17932
कुल		**23707**

- **ईएसडीपी स्कीम के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2025-26 तक आंध्र प्रदेश राज्य के प्रकाशम जिला में महिला लाभार्थी**

क्र.सं.	वित्त वर्ष	आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की संख्या (महिला)
1	2024-25	3	176	108
2	2025-26	14	606	357
कुल		**17**	**782**	**465**

ख. प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी): वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान आंध्र प्रदेश में जिला-वार सहायता प्राप्त महिलाओं के स्वामित्व वाले सूक्ष्म उद्यमों की संख्या

जिला का नाम	महिलाओं के स्वामित्व वाली सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या	एमएम सब्सिडी (करोड़ रुपए में)	अनुमानित सृजित रोजगार
अल्लूरी सीतारमा राजू	53	0.95	477
अनकापल्ली	152	4.57	1,368
अनंतपुर	262	9.27	2,358
अन्नमय्या	466	9.18	4,194
बापतला	228	7.40	2,052
चित्तूर	418	9.21	3,762
पूर्वी गोदावरी	334	14.67	3,006
एलुरु	118	6.68	1,062
गुंटूर	186	11.89	1,674
कडप्पा (वाईएसआर)	262	11.60	2,358
काकीनाडा	188	9.78	1,692
कोनसीमा	213	11.88	1,917
कृष्णा	194	8.06	1,746
कुरनूल	88	3.15	792
नांदयाल	150	4.75	1,350
नेल्लोर	230	12.44	2,070
एनटीआर	181	6.47	1,629
पलनाडु	142	7.91	1,278

पार्वतीपुरम मन्यम	66	2.05	594
प्रकाशम	**451**	**13.32**	**4,059**
श्री सत्य साई	117	5.64	1,053
श्रीकाकुलम	232	8.12	2,088
तिरुपति	553	11.74	4,977
विशाखापत्तनम	92	3.05	828
विजयनगरम	543	9.49	4,887
पश्चिम गोदावरी	219	10.50	1,971
कुल	**6138**	**213.76**	55,242

ग. सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम: अनुमोदित गारंटियां-प्रकाशम जिला सहित आंध्र प्रदेश में महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसई

क्र.सं.	जिला	वित्त वर्ष 2024-25		वित्त वर्ष 2025-26	
		अनुमोदित गारंटियों की संख्या	अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में)	अनुमोदित गारंटियों की संख्या	अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में)
1	अल्लूरी सीतारमा राजू	0	0.00	59	4
2	अनकापल्ली	21	2.61	80	22
3	अनंतपुरमु	3015	138.16	3615	213
4	अन्नमय्या	401	10.56	1191	28
5	बापतला	0	0.00	589	50
6	चित्तूर	3225	147.97	3431	258
7	डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, कोनसीमा	0	0.00	274	8
8	पूर्वी गोदावरी	2738	161.55	4789	334
9	एलुरु	93	5.49	547	29
10	गुंटूर	3250	231.87	5648	483
11	काकीनाडा	0	0.00	261	26
12	कृष्णा	4592	332.00	5391	520
13	कुरनूल	2851	124.25	4105	199
14	नांदयाल	0	0.00	244	18
15	एनटीआर	0	0.00	300	20
16	पलनाडु	0	0.00	595	27
17	पार्वतीपुरम मन्यम	0	0.00	197	11
18	**प्रकाशम**	**2284**	**135.02**	**3003**	**237**
19	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	2754	133.74	3557	257
20	श्री सत्य साई	0	0.00	1143	20
21	श्रीकाकुलम	1518	71.91	1634	102
22	तिरुपति	462	14.33	1943	37
23	विशाखापत्तनम	2881	284.24	3550	491
24	विजयनगरम	1262	57.85	1874	125
25	पश्चिम गोदावरी	2125	153.58	3268	222
26	वाई.एस.आर. कडप्पा	2568	120.27	2951	152
कुल		**36040**	**2125.39**	**54239**	**3894.07**

****